बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या PR- 35/2017

डाटा इन्ट्री ऑपरेटर पद पर संविदा आधारित नियोजन हेतु सूचना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना में डाटा इन्ट्री ऑपरेटर कुल रिक्त पदों पर अनुभवी एवं योग्य अभ्यर्थियों से संविदा के आधार पर नियोजन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता हैः–

1. डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए कोटिवार रिक्तियाँ एवं मानदेय निम्नवत हैः–

पदनाम	कुल पद संख्या	अनारक्षित	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग	पिछड़ा वर्ग	पिछड़ा वर्ग की महिला	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	मानदेय	
								पटना/ मुख्यालय के लिए	पटना के अलावा अन्य स्थान के लिए
डाटा इन्ट्री ऑपरेटर	52	26	9	6	2	8	1	18,620/–	17,860/–

2. इस पद हेतु केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन के लिए लिंक समिति के वेबसाइट **www.biharboard.ac.in** पर उपलब्ध रहेगा। ऑनलाईन आवेदन विहित आवेदन शुल्क के साथ दिनांक **11.06.2017 से 19.06.2017** तक स्वीकार किए जायेंगे। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. इस पद पर नियुक्ति संविदा के आधार पर होगी एवं इस आधार पर स्थायी नियोजन का दावा मान्य नहीं होगा।
4. अनुबंध की अवधि प्रथम बार 11(ग्यारह) माह की होगी। तत्पश्चात् सेवा संतोषप्रद होने पर एवं आवश्यकतानुसार अवधि विस्तार किया जायेगा।
5. **शैक्षणिक एवं आवष्यक योगयताएँः–**

   (i) इन्टर उत्तीर्ण एवं किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में एक वर्षीय डिप्लोमा।

   अथवा

   मैट्रिक उत्तीर्ण एवं किसी मान्यता प्राप्त पोलिटेक्नीक से कम्प्यूटर साईंस में तीन वर्षीय डिप्लोमा।

   अथवा

   राज्य प्रावैधिकी शिक्षा पर्षद द्वारा Computer Science & Engineering/Computer Application/Information Technology शाखा में प्रदत्त तीन वर्षीय डिप्लोमा।

   (ii) MS Office का ज्ञान अनिवार्य।

   (iii) **टंकण गति**–हिन्दी टंकण में **30** शब्द प्रति मिनट एवं अंग्रेजी टंकण में **40** शब्द प्रति मिनट।

   (सुयोग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने पर टंकण गति सीमा को क्षान्त किया जा सकता है)
6. **उम्र सीमाः –**

   (i) न्यूनतम आयु 21(इक्कीस) वर्ष एवं अधिकतम 37 वर्ष। आयु की गणना दिनांक 01.06.2017 के आधार पर की जाएगी।

   (ii) डाटा इन्ट्री ऑपरेटर हेतु अधिकतम आयु सीमा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की संकल्प संख्या 294 दिनांक 07. 01. 2016 के अनुसार अधिकतम–(1) अनारक्षित (पुरूष)–37 वर्ष। (2) पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) के लिए अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट दी जाएगी। (3) अनारक्षित (महिला)–40 वर्ष (4) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी।
7. **CWJC N0. 18503/2009** में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में समिति से छंटनीग्रस्त वादी कर्मचारी भी आवेदन कर सकते हैं।
8. सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा किसी भी पद के लिए किये गये विज्ञापन को किसी भी समय बिना कारण बताये संशोधित अथवा निरस्त करने का अधिकार होगा।
9. नियुक्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा तथा इस संबंध में अनुचित माध्यम से दबाव बनाने की कोशिश करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।
10. उम्मीदवारों की संख्या अधिक होने पर समिति को उम्मीदवारों की संख्या को कम करने हेतु अतिरिक्त मानदंडों का सृजन कर आवेदनों की समीक्षा करने का अधिकार होगा।
11. परीक्षा शुल्क इस पद हेतु निर्धारित शुल्क ऑनलाईन आवेदन के समय ऑनलाईन माध्यम से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/ई–pyku/NEFT-RTGS द्वारा देय होंगे। इस पद के लिए निर्धारित शुल्क – **सामान्य एवं पिछड़ी जाति–400रु0 एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति–100रु0** देय होगा।
12. इस संबंध में समिति की वेबसाइट **www.biharboard.ac.in** पर सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सचिव

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।